Alberta

**समाचार** विज्ञप्ति

# **बजट 2026:** महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में होगा निवेश

फरवरी 26, 2026

बजट *2026* उन बातों पर केंद्रित है जो सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं: शिक्षा को मजबूत करना, स्वास्थ्य सेवा में सुधार करना और अल्बर्टा के सबसे कमजोर लोगों की सहायता करना।

कक्षाओं की संख्या में बढ़ोतरी, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक सहायता की मांग लगातार बढ़ रही है। बजट *2026* लक्षित निवेशों के साथ सेवाओं को मजबूत करने और जीवन के हर चरण में अल्बर्टावासियों की सहायता करने के लिए उत्तरदायी है।

अल्बर्टावासी समय पर देखभाल और अपने समुदायों में स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीय पहुंच की उम्मीद करते हैं। चुनौतियों का सामना करने और स्वास्थ्य प्रणाली पर पड़ रहे दबाव को संबोधित करने के लिए, अल्बर्टा की सरकार स्वास्थ्य सेवा के लिए कुल *34.4* बिलियन डॉलर का व्यय का वायदा कर रही है, ताकि क्षमता बढ़ाई जा सके, प्रतीक्षा समय कम किया जा सके और अग्रिम पंक्ति की देखभाल को मजबूत किया जा सके। यह निवेश अस्पतालों, सर्जिकल सेवाओं, प्राइमरी केयर और मानसिक स्वास्थ्य तथा एडिक्शन ट्रीटमेंट में सहायता देगा, साथ ही *2025-26* के पूर्वानुमान से *1.9* बिलियन डॉलर या लगभग छह प्रतिशत की वृद्धि के माध्यम से अल्बर्टावासियों को घर के करीब देखभाल प्राप्त करने में मदद करेगा। बजट फैमिली फिजीशियंस और अग्रिम पंक्ति के हैल्थकेयर वर्करों में भी निवेश करता है, और अल्बर्टावासियों को अपने घरों और समुदायों में सम्मानपूर्वक वृद्ध होने में सहायता करता है।

अल्बर्टा की कक्षाएँ बड़ी और अधिक जटिल हो गई हैं, क्योंकि केवल तीन वर्षों में *80,000* छात्र स्कूलों में शामिल हुए हैं। बजट *2026* अल्बर्टा की शिक्षा प्रणाली के लिए रिकॉर्ड *10.8* बिलियन डॉलर का निवेश कर रहा है - जो *2025-26* के पूर्वानुमान से *722* मिलियन डॉलर या *7.2* प्रतिशत अधिक है। यह वित्तपोषण *3,000* नए शिक्षकों और *1,500* नए एजुकेशनल असिस्टेंट्स की नियुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। इस रिकॉर्ड निवेश में नामांकन वृद्धि को संबोधित करने के लिए तीन वर्षों में *560* मिलियन डॉलर, तथा क्लासरूम कॉम्पलैक्सिटी को संबोधित करने के लिए तीन वर्षों में *1.4* बिलियन डॉलर शामिल हैं। बजट *2026* सरकार की योजना के तहत पूरे अल्बर्टा समुदायों में अधिक स्कूलों के नवीनीकरण और निर्माण के हिस्से के रूप में *40* नई सार्वजनिक स्कूल परियोजनाओं की शुरुआत भी करता है। इन नई स्वीकृतियों के साथ, अब पूरे प्रांत में *161* से अधिक सक्रिय सार्वजनिक स्कूल प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं।

"बजट *2026* उन बातों पर केंद्रित है जो अल्बर्टा के परिवारों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं: सर्जरी की संख्या में बढ़ोतरी, इमरजेंसी के प्रतीक्षा समय में कमी, स्कूलों और शिक्षकों तक बेहतर पहुंच, और उन लोगों के लिए सामाजिक सहायता जिन्हें इसकी सबसे अधिक जरूरत है। स्वास्थ्य, शिक्षा और सामुदायिक सेवाओं में निवेश करके, सरकार यह सुनिश्चित

करती है कि जब आवश्यकता हो, तब अल्बर्टावासी देखभाल, शिक्षा और सहायता पर भरोसा कर सकें।"
*नेट हॉर्नर, ट्रेज़री बोर्ड के अध्यक्ष और वित्त मंत्री*

**बजट** *2026* **की मुख्य बातें:**

अस्पतालों, सर्जरी, उपचार और आपातकालीन देखभाल तक पहुंच में सुधार

बजट *2026* बढ़ती आबादी की मांग को पूरा करने के लिए अल्बर्टा के अस्पतालों और शल्य क्षमता में निवेश करता है, जिसमें शामिल हैं:

- *2026-27* में अल्बर्टा के अस्पताल और शल्य प्रणाली को संचालित करने के लिए *12.3* अरब डॉलर, जिससे स्टाफिंग, शल्य गतिविधियाँ, आपातकालीन सेवाएँ और निदान सेवाओं का समर्थन किया जाएगा। इसमें शामिल है:
  - तीव्र देखभाल में *6* अरब डॉलर का निवेश, जिसमें अल्बर्टा सर्जिकल इनिशिएटिव के लिए अतिरिक्त *525* मिलियन डॉलर शामिल हैं, ताकि अगले तीन वर्षों में *50,000* अतिरिक्त सर्जरी पूरी की जा सकें।
  - कैंसर देखभाल में तीन वर्षों में *1.2* अरब डॉलर, जिसमें कैंसर केयर अल्बर्टा में अतिरिक्त *223* मिलियन डॉलर शामिल हैं, ताकि अधिक ऑन्कोलॉजिस्ट नियुक्त किए जा सकें, शल्य क्षमता का विस्तार किया जा सके, क्रॉस कैंसर इंस्टीट्यूट में स्थान बढ़ाए जा सकें और कैंसर देखभाल सहायता सेवाओं तक पहुँच का विस्तार किया जा सके।
    - कैंसर केयर अनुदानों में तीन वर्षों में *21* मिलियन डॉलर से बाहरी प्रदाताओं द्वारा संचालित सामुदायिक कैंसर कार्यक्रमों को स्थिर और विस्तारित किया जाएगा, ताकि रोगियों और परिवारों को सुसंगत, व्यापक देखभाल प्राप्त हो।
  - चिकित्सकों के पारिश्रमिक और विकास के लिए संचालन व्यय में *1* अरब डॉलर।
  - *2026-27* में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए *804* मिलियन डॉलर।

**पूंजीगत धन के माध्यम से स्वास्थ्य परियोजनाओं के लिए स्वास्थ्य प्रणाली में क्षमता निर्माण**

*2026* की पूंजी योजना प्रमुख चल रही स्वास्थ्य परियोजनाओं और पहलों का समर्थन जारी रखती है, जिनमें शामिल हैं:

- रेड डियर रीजनल हॉस्पिटल सेंटर पुनर्विकास के लिए *1* अरब डॉलर।
- डायग्नोस्टिक इमेजिंग एन्हैंसमेंट प्रोग्राम के लिए अगले तीन वर्षों में *280* मिलियन डॉलर, जिसमें *149* मिलियन डॉलर का नया वित्तपोषण शामिल है, , ताकि अल्बर्टा की डायगनोस्टिक इमेजिंग और कैंसर देखभाल क्षमता का आधुनिकीकरण और विस्तार किया जा सके। अपनी कार्यक्षमता को पूरा कर चुके उपकरणों का बदलाव,

उन्नत प्रौद्योगिकियों की शुरुआत और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सिस्टम कैपेसिटी में वृद्धि शामिल होगी।

"बजट 2026 अल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली में मजबूत निवेश करता है, जिससे बढ़ती मांग को पूरा करने और सभी अल्बर्टावासियों को समय पर, उच्च-गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने की हमारी क्षमता में सुधार होता है।"
*मैट जोन्स, अस्पताल और शल्य स्वास्थ्य सेवाओं के मंत्री*

**प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को सुदृढ़ करना**

बजट निम्न के माध्यम से प्राथमिक देखभाल तक पहुँच का विस्तार करता है:

- चिकित्सक पारिश्रमिक के लिए संचालन व्यय में 6.9 अरब डॉलर, जो 2025-26 के पूर्वानुमान से 6.5 प्रतिशत अधिक है।
- नर्स प्रैक्टिशनर कार्यक्रम में सहायता के लिए तीन वर्षों में 87 मिलियन डॉलर।
- दवाओं और सप्लीमेंटरी हैल्थकेयर बेनिफिट्स के लिए 2.2 अरब डॉलर, जिसमें सीनियर्स ड्रग प्रोग्राम शामिल है, जो 700,000 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की सहायता करने वाला सबसे बड़ा घटक है।

"प्राथमिक देखभाल हमारी स्वास्थ्य प्रणाली की नींव है। बजट 2026 प्राथमिक देखभाल का विस्तार और इसे सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण निवेश करता है, ताकि प्रत्येक अल्बर्टावासी को आवश्यक देखभाल समय से और उपयुक्त स्थान पर मिल सके।"
*एड्रियाना ला ग्रांज, प्राथमिक और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं की मंत्री*

**अल्बर्टावासियों के कल्याण का समर्थन**

बजट 2026 निम्न के माध्यम से असिस्टेड लिविंग और विकलांगता सहायता में निवेश करता है:

- असिस्टेड लिविंग अल्बर्टा और कंटिन्यूइंग केयर के लिए 5.9 अरब डॉलर – जो पिछले वर्ष से 495 मिलियन डॉलर से अधिक की वृद्धि है – ताकि व्यापक चिकित्सा और गैर-चिकित्सा सहायता, गृह देखभाल, सामुदायिक देखभाल और सामाजिक सेवाएँ प्रदान की जा सकें। इसमें शामिल है:
    - 145 मिलियन डॉलर से अधिक, ताकि वे मरीज जिन्हें अब तात्कालिक देखभाल की आवश्यकता नहीं है, अपने समुदाय में उपयुक्त देखभाल में स्थानांतरित हो सकें।

- *2026-27* में विकलांगता सहायता के लिए *3.4* अरब डॉलर समर्पित, जिससे सुनिश्चित हो कि अल्बर्टा में कैनेडा के सर्वश्रेष्ठ विकलांगता कार्यक्रम बने रहें, और विकलांग अल्बर्टावासियों को लाभ तथा आवश्यक सहायता मुहैया होती रहे।

"बजट *2026* यह सुनिश्चित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि अल्बर्टावासियों को गुणवत्तापूर्ण सहायक आवास, विकलांगता सहायता और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया हों। निवेश बढ़ाकर और आवश्यक कार्यक्रमों का विस्तार करके, हम एक ऐसे प्रांत का निर्माण कर रहे हैं जहाँ प्रत्येक व्यक्ति को सहायता और सशक्तिकरण मिले ताकि वे अपनी पूर्ण क्षमता तक पहुँच सकें।"
*जेसन निक्सन, सहायक आवास और सामाजिक सेवाओं के मंत्री*

**मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन सहायता को सुदृढ़ करना**

बजट *2026* पुनर्वास में सहायता देता है:

- व्यसन और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में सहायता देने के लिए *2.0* अरब डॉलर, ताकि अल्बर्टावासियों को पुनर्वास के लिए आवश्यक सहायता मुहैया करायी जा सके। इसमें शामिल है:
  - रिकवरी अल्बर्टा के लिए *1.7* अरब डॉलर, जो मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन सेवाओं का प्रमुख प्रदाता है।
  - *30* मिलियन डॉलर, मानसिक स्वास्थ्य कक्षाओं का विस्तार जारी रखने और जटिल मानसिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं वाले छात्रों के लिए डायगनोस्टिक सहायता प्रदान करने हेतु।
  - *29.6* मिलियन डॉलर, इस वर्ष पाँच स्वदेशी पुनर्वास समुदायों को संचालित और प्रारंभ करने के लिए, जिससे व्यसन संकट से असमान रूप से प्रभावित मूल निवासियों और समुदायों को सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित, आवासीय उपचार उपलब्ध कराया जा सके।
  - *26* मिलियन डॉलर, मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन प्रणाली के भीतर *30* मनोचिकित्सीय बिस्तरों और *60* अत्यंत आवश्यक सामुदायिक-आधारित बिस्तरों के लिए, उन लोगों हेतु जिन्हें अब अस्पताल में भर्ती देखभाल की आवश्यकता नहीं है, जिससे तात्कालिक देखभाल प्रणाली पर दबाव कम करने में सहायता मिलती है।
- तीन वर्षों में *319* मिलियन डॉलर, करुणामूलक हस्तक्षेप के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक सुरक्षित इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण हेतु, ताकि सबसे गंभीर प्रकार के व्यसन और सब्सटांस उपयोग से जूझ रहे लोगों को देखभाल तक पहुँच मिल सके।

- पुनर्वास समुदायों के निर्माण और स्थापना को पूर्ण करने के लिए तीन वर्षों में 82 मिलियन डॉलर का पूंजीगत वित्तपोषण।

"पूंजीगत परियोजनाओं से लेकर अग्रिम पंक्ति की सेवाओं और सहायता तक, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि अल्बर्टावासियों का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता बना रहे। बजट 2026 अल्बर्टा रिकवरी मॉडल का विस्तार जारी रखता है, जिससे यह सुनिश्चित हो कि व्यसन या मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे लोगों को आवश्यक सहायता समय पर प्राप्त हो।"
*रिक विल्सन, मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन मंत्री*

**किंडरगार्टन से कक्षा 12 (K-12) शिक्षा में निवेश**
बजट निम्न के माध्यम से 2026 अल्बर्टा के बच्चों में निवेश करता है:

- शिक्षा संचालन वित्तपोषण में 10.8 अरब डॉलर, ताकि स्कूल बोर्ड बढ़ते कक्षा आकार और जटिलता से निपटने के लिए अधिक शिक्षक और शैक्षिक सहायक नियुक्त कर सकें, साथ ही जिम्मेदार व्यय बनाए रखें।
- 2026-27 के लिए 1.8 अरब डॉलर से अधिक, विशेष शिक्षण आवश्यकताओं वाले छात्रों की सहायता के लिए।
- नामांकन वृद्धि से निपटने के लिए तीन वर्षों में 560 मिलियन डॉलर।
- 2026-27 में 355 मिलियन डॉलर और तीन वर्षों में कुल 1.4 अरब डॉलर, कक्षा आकार और जटिलता के लिए।
- K-12 शिक्षा इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए तीन वर्षों में 3.3 अरब डॉलर, ताकि 161 सक्रिय स्कूल परियोजनाओं की योजना, डिजाइन और निर्माण का समर्थन किया जा सके, जिसमें तत्काल नामांकन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मॉड्यूलर कक्षाओं को जोड़ने हेतु 600 मिलियन डॉलर शामिल हैं।
- नए इंडिपेंडेंट स्कूल कैपिटल प्रोग्राम के माध्यम से तीन वर्षों में 90 मिलियन डॉलर।
  - यह कार्यक्रम 6,000 तक नए छात्र स्थान सृजित करेगा, गंभीर और जटिल शिक्षण आवश्यकताओं वाले छात्रों, सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त शिक्षा, और स्वतंत्र स्कूल वातावरण चुनने वाले परिवारों की सहायता करेगा।

"यह निवेश उन बातों पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में है जो परिवारों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। यह स्कूलों को बढ़ते नामांकन के साथ तालमेल बनाए रखने, कक्षाओं के आकार पर दबाव कम करने और यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि कक्षाओं में छात्रों की सफलता के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध हो।"
*दिमित्रियोस निकोलाइड्स, शिक्षा और बाल देखभाल मंत्री*

**समाचार** विज्ञप्ति

बजट 2026 विद्यार्थियों और कक्षाओं, हैल्थ केयर और अर्थव्यवस्था में लक्षित निवेश के साथ-साथ मजबूत वित्तीय नेतृत्व प्रदर्शित करने और लागतों को नियंत्रित रखने जैसी महत्वपूर्ण बातों पर केंद्रित है।

**संबंधित जानकारी**

- बजट 2026

**मल्टीमीडिया**

- समाचार सम्मेलन देखें, जो प्रतिबंध अवधि समाप्त होने के बाद उपलब्ध होगा।

**मीडिया पूछताछ**


मारिसा ब्रीज़
Marisa.Breeze@gov.ab.ca
780-235-4427
सीनियर प्रेस सचिव, ट्रेजरी बोर्ड और वित्त

गैरेट कोहलर
Garrett.Koehler@gov.ab.ca
780-427-5010
सीनियर प्रेस सचिव, शिक्षा और बाल देखभाल

मैडिसन मैकी
Maddison.Mckee@gov.ab.ca
780-427-3665
प्रेस सचिव, प्राथमिक और निवारक स्वास्थ्य सेवाएँ

काइल वार्नर
Kyle.Warner@gov.ab.ca
780-644-8417
प्रेस सचिव, अस्पताल और शल्य स्वास्थ्य सेवाएँ

एंबर एडगर्टन
Amber.Edgerton@gov.ab.ca
780-643-6210
प्रेस सचिव, सहायक आवास और सामाजिक सेवाएँ

**समाचार** विज्ञप्ति

नाथानिएल ड्यूक
Nathaniel.Dueck@gov.ab.ca
587-336-6182
प्रेस सचिव, मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन